# कार्यालय नगर पालिका परिषद पिहानी-हरदोई

पत्रांक 370 /न0पा0परि0पिहानी/राज्य वित्त आयोग-13वां वित्त आयोग-निविदा सूचना/2013-2014/2013, दिनांकः- 5/12/1

## अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा राज्य वित्त आयोग/13वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 18.12.2013 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.12.2013 को कार्यालय नगर पालिका परिषद पिहानी में, उपजिलाधिकारी महोदय तहसील शाहाबाद के कार्यालय में तथा जिलाधिकारी महोदय हरदोई के कार्यालय में स्थानीय निकाय लिपिक के पटल पर विक्रय किये जायेगें। निविदा प्रपत्र प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकेंगें। पांच लाख से कम धनराशि के कार्यों की समस्त निविदायें कार्यालय नगर पालिका परिषद पिहानी में विक्रय की जायेंगीं तथा निर्धारित तिथि व समय पर अधिशासी अधिकारी के कक्ष में रखी निविदा पेटी में डाली जायेंगी। पांच लाख एवं इससे ऊपर की धनराशि के कार्यों की निविदायें जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में स्थानीय निकाय लिपिक के पटल पर तथा उपजिलाधिकारी महोदय तहसील शाहाबाद के कार्यालय में पालिका कर्मी द्वारा बिक्री की जायेंगीं एवं जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में स्थानीय निकाय लिपिक के पटल पर रखी निविदा पेटी में डाली जायेंगीं। जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अपर जिलाधिकारी महोदय (वि./रा.) द्वारा खोली जायेंगी। शेष विवरण निम्नवत है।

**कार्य विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण | स्वीकृत आगणन धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | अग्रिम कार्य जमानत धनराशि (रू0 में) | वैट धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरदोई पिहानी मार्ग पर मोहल्ला मुरीदखानी में रघुराज वर्मा के मकान से मेवा धर्मकांटा तक सड़क के पूरब तरफ नाला का निर्माण कार्य (13वां वित्त आयोग से) | 21.00 | 2100.00 | 42000.00 | 84.00 | 31 मार्च 2014 |
| 2 | प्रयागदत्त चौराहा से शकील के मकान होते हुये महमूदबाग चुंगी तक डामर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 31.92 | 3200.00 | 63840.00 | 128.00 | 30 जून 2014 |
| 3 | मोहल्ला नागर कंजड़ तिराहा से इस्लामगंज मस्जिद होते हुये एक मीनार मस्जिद तक डामर सड़क एवं नाली मरम्मत कार्य | 12.60 | 1260.00 | 25200.00 | 51.00 | ” ” |
| 4 | मोहल्ला नागर/खुरमुली में मुन्नन के मकान से समीरू के मकान तक एवं नसीम के मकान से चिरौंजी के मकान तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 3.50 | 350.00 | 7000.00 | 14.00 | 31 मार्च 2014 |
| 5 | मोहल्ला कोटकलां में जमील के घर से मुन्नू लोहार के घर तक इण्टरलाकिंग सोलिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.18 | 325.00 | 6360.00 | 13.00 | 31 मार्च 2014 |
| 6 | मोहल्ला कोटकलां वार्ड संख्या 24 में नूरानी मस्जिद स्थल पर, नूर मोहम्मद के मकान के पास इण्टरलाकिंग नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 2.51 | 251.00 | 5020.00 | 10.00 | 31 मार्च 2014 |
| 7 | मोहल्ला नागर में शकील पी0सी0ओ0 के सामने से राहत खां के मकान होते हुये तिराहा तक डामर सड़क निर्माण एवं नाली सुधार कार्य | 10.70 | 1070.00 | 21400.00 | 43.00 | 30 जून 2014 |
| 8 | बस स्टाप से नगर पालिका कार्यालय तक हाट मिक्स प्लाण्ट द्वारा डामर सड़क निर्माण/सुधार कार्य | 23.31 | 2331.00 | 46620.00 | 94.00 | 30 जून 2014 |
| 9 | मोहल्ला लोहानी में रफायत के मकान से मस्जिद तक एवं मस्जिद के सामने चबूतरे पर इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.97 | 500.00 | 9940.00 | 20.00 | 31 मार्च 2014 |

क्रमशः अगले पेज पर ..........

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | मोहल्ला छिपीटोला में पूर्वी मस्जिद से मुन्ने दर्जी के मकान तक डामर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 4.68 | 500.00 | 9360.00 | 20.00 | 30 जून 2014 |
| 11 | मोहल्ला मिश्राना सुभाष पार्क से श्री श्रवण कुमार बाजपेयी पूर्व ब्लाक प्रमुख के मकान होते हुये मकान श्री ओमप्रकाश बाजपेयी के मकान तक डामर सड़क एवं नाली निर्माण मरम्मत कार्य। | 6.48 | 650.00 | 12960.00 | 26.00 | 30 जून 2014 |
| 12 | मोहल्ला मिश्राना श्री लालू सक्सेना के मकान से श्री जगदीश मिश्रा के मकान तक डामर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 4.50 | 450.00 | 9000.00 | 20.00 | 30 जून 2014 |
| 13 | मोहल्ला लोहानी श्री रामेश्वर प्रसाद टण्डन के मकान से श्री मुन्ने साहबादी के मकान तक डामर सड़क एवं नाली मरम्मत कार्य | 6.33 | 633.00 | 12660.00 | 25.00 | 30 जून 2014 |
| 14 | मोहल्ला मुरीदखानी में बन्दर पार्क से इकबाल के मकान होते हुये श्री देवी प्रसाद कपूर के मकान तक डामर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 14.33 | 1433.00 | 28660.00 | 57.00 | 30 जून 2014 |
| 15 | मोहल्ला निजामपुर कटरा बाजार में ठाकुरद्वारा के सामने से श्री खालिद की दुकान तक डामर सड़क एवं नाली मरम्मत कार्य। | 11.30 | 1130.00 | 22600.00 | 45.00 | 30 जून 2014 |
| 16 | मोहल्ला निजामपुर कटरा बाजार में श्री लालू हलवाई की दुकान से ठाकुर द्वारा होते हुये रामलीला पुलिया के आगे तक डामर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 10.41 | 1041.00 | 20820.00 | 42.00 | 30 जून 2014 |
| 17 | जामा मस्जिद से ब्लाक कार्यालय के सामने होते हुये मोहल्ला मिश्राना में पुलिस चौकी तक डामर सड़क मरम्मत कार्य | 4.60 | 460.00 | 9200.00 | 20.00 | 30 जून 2014 |
| 18 | मोहल्ला मुरीदखानी में जयगुरूदेव आश्रम परिसर में इण्टरलाकिंग सोलिंग निर्माण कार्य | 5.25 | 525.00 | 10500.00 | 21.00 | 31 मार्च 2014 |
| 19 | मोहल्ला निजामपुर कटरा बाजार में नगर पालिका कार्यालय के परिसर में इण्टरलाकिंग सोलिंग एवं गेट का निर्माण कार्य | 7.54 | 754.00 | 15080.00 | 31.00 | 31 मार्च 2014 |
| 20 | मोहल्ला नागर पूर्वी दक्षिणी वार्ड संख्या 08 में हाजी भज्जू के घर से श्री राजकुमार के घर होते हुये शाहपुर चुंगी के पास श्री हनीफ खां के घर तक डामर सड़क एवं नाली मरम्मत कार्य | 12.00 | 1200.00 | 24000.00 | 50.00 | 30 जून 2014 |
| 21 | मोहल्ला छिपीटोला में खालिद की दुकान से श्री मैजू के मकान तक डामर सड़क एवं नाली मरम्मत कार्य | 13.62 | 1362.00 | 27240.00 | 55.00 | 30 जून 2014 |
| 22 | मोहल्ला खुरमुली में मंदिर से इरशाद के कोने तक नाली एवं इण्टलाकिंग निर्माण/सुधार कार्य | 1.06 | 100.00 | 2120.00 | 04.00 | 31 मार्च 2014 |
| 23 | अन्सार की चक्की से इस्लामगंज मस्जिद तक हाट मिक्स प्लाण्ट द्वारा डामर सड़क निर्माण/सुधार कार्य | 9.29 | 929.00 | 18580.00 | 38.00 | 30 जून 2014 |

**टेन्डर डालने की शर्तें :-**

1. निविदा पालिका का पंजीकृत ठेकेदार ही डाल सकता है। जिसने प्रकाशन की तिथि से पूर्व पंजीकरण करा लिया हो अथवा नवीनीकरण करा लिया हो।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक, संलग्न करना अनिवार्य होगी।

क्रमशः अगले पेज पर ..........

3. निविदा स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पिहानी को होगा। बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।
4. समस्त कार्य आगणन के आधार पर कराने होगें। कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना होगा।
5. कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने की दशा में ठेकेदार को काली सूची में भी किया जा सकता है।
6. निर्माण कार्य के वास्ते नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा। न ही किसी प्रकार की सामग्री नगर पालिका द्वारा प्रदान की जायेगी।
7. निविदा निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी, बाद मे कोई निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
8. निविदा सूचना का विवरण पालिका वेबसाइट pihaninagarpalika.in पर भी उपलब्ध है।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि कोई जानकारी करना है तो किसी भी कार्यदिवस में पालिका कार्यालय आकर सम्बन्धित लिपिक से की जा सकती है।

**रामबालक मिश्र**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पिहानी, हरदोई।

**मो0 सईद**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पिहानी, हरदोई।

पत्रांक :- संख्या एवं दिनांक तदैव

**प्रतिलिपि :-**

1. श्री अतुल कपूर सम्वाददाता, दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र, पिहानी, को इस आशय से कि, आगामी अंक में न्यूनतम सरकारी दरों पर अति सूक्ष्म रूप में प्रकाशन कराकर प्रकाशित समाचार पत्र की 02 प्रतियां एवं बिल प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. श्री अनीश शुक्ला उर्फ भूरे सम्वाददाता, दैनिक आज समाचार पत्र, पिहानी को इस आशय से कि, आगामी अंक में न्यूनतम सरकारी दरों पर अति सूक्ष्म रूप में प्रकाशन कराकर प्रकाशित समाचार पत्र की 02 प्रतियां एवं बिल प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी अधिकारी महोदय, स्थानीय निकाय, कार्यालय जिलाधिकारी हरदोई को इस आशय से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
4. उपजिलाधिकारी महोदय, तहसील शाहाबाद, हरदोई, को इस आशय से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
5. अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरदोई को इस आशय से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
6. समस्त अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जनपद हरदोई, को इस आशय से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
7. अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद पिहानी को भी अवलोकनार्थ प्रेषित।
8. श्री अरूण कुमार अग्निहोत्री, कम्प्यूटर आपरेटर को निविदा सूचना को पालिका वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. कार्यालय सूचना पट पर नगर पालिका परिषद पिहानी, हरदोई।
10. पत्रावली पर रखने हेतु।

5/12/20

**रामबालक मिश्र**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिहानी,**
**हरदोई।**

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिहानी
हरदोई